RAF SECTOR

NEWS CLIP

09/04/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Mandal Patrika, Jaipur,(RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रूटमार्च

मांडल@पत्रिका. रैपिड एक्शन फोर्स की ए/83 बटालियन ने पुलिसकर्मियो के साथ शुक्रवार को सुबह कस्बे के मुख्य मार्गो पर रूटमार्च किया । थानाप्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि सहायक कमांडो विनोदकुमार मीणा के नेतत्व में परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या, साक्षर-निरक्षर सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। दल ने थाने से रवाना होकर बस स्टैंड, प्रताप नगर, सब्जी मंडी, सदर बाजार, टण्डन चौराहा , मालियों का मंदिर गणगौर घाट,घाटी, भोमियों की मस्जिद , रैगर मोहल्ला, दशहरा चौक से पुलिस थाने में रूट मार्च किया।

गंगापुर। शहर में फ्लैग मार्च निकालते हुए फोर्स के जवान। फोटो : दिनेश चौहान

गंगापुर में रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

गंगापुर (प्रातःकाल संवाददाता)। रैपिड एक्शन फोर्स आरएएस के सहायक कमांडेंट विनोद मीणा, पुलिस निरीक्षक राजूराम, इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह, थानेदार सुरेंद्र गोदारा, थाना प्रभारी नारायण सिंह, चौकी प्रभारी रेवंतसिंह, हैड कांस्टेबल गणपत सिंह ने आरएएफ के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च कोर्ट चौराहे से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होता हुआ पुलिस चौकी पहुंचा , जहां आरपीएफ द्वारा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति जनसंख्या, सांप्रदायिक, सामाजिक, राजनीतिक हलचल एवं स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा किसी प्राकृतिक आपदा अथवा संवेदनशील मामले में कार्य योजना के बारे में विचार विमर्श किया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।